e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, सोमवार, 26 फरवरी 2018, फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष एकादशी, संवत् 2074 विक्रमी वर्ष-11, अंक-134, पृष्ठ-16, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ ■ इलाहाबाद website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

नई टेक्नोलॉजी ने बदला हमारा जीवन : प्रो. हिमांशू

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में हुई राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

डेली न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। 'व्यापार, अध्यात्म तथा समाज तीनों आपस में एक दूसरे से जुड़े हुए है। व्यापार जगत को अध्यात्म से जुड़ना होगा तभी किसी समाज में खुशहाली आएगी। यह विचार बतौर मुख्य अतिथि एक कंपनी के चीफ मेंटर एस वाई सिद्दीकी ने रखे। वह स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। 'व्यापारिक तालमेल बढ़ाने में सामाजिक, आध्यात्मिक तथा तकनीकी आयाम का महत्व' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए व्यापारिक संस्थानों में 'देने की भावना' पर बल दिया।

मैनेजमेंट गुरू आईआईएम लखनऊ के प्रोफेसर हिमांशु राय ने कहा कि नवीन टेक्नोलॉजी से इन्सानी जीवन में पैदा हुई क्रान्ति से हमारा जीवन पूरी तरह से बदल चुका है। इसका दूरगामी प्रभाव भी आगे देखने को मिलेगा जो निश्चित ही सकारात्मक होगा। उन्होंने कहा कि सही व्यवसाय केवल आध्यात्म और सामाजिक संयोग से ही सम्भव है। प्रो. राय ने कहा कि स्वयं की चेतना को जागरूक करना ही अध्यात्म है। जिस काम में लज्जा, भय और शंका न हो वही काम सही है। कॉन्फ्रेंस में संस्थान के सचिव शरद सिंह और ब्रम्हकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन राधा ने भी अपने विचार रखे।